हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 5 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

12 मानवता के कल्याण का संदेश देता है गुरु ...



10 जिला स्तरीय राज्योत्सव में पीएमश्री सेजेस के छात्रों...





## खबर संक्षेप

### तालाब में डूबने से चार वर्षीय बच्चे की मौत

**मुंडा।** लवन थाना क्षेत्र के ग्राम खैंदा निवासी संजय वर्मा का चार वर्षीय बच्चा अपने नाना गांव चिरपाटा गया था, जहां तालाब में डूबन से उसकी मौत हो गई। इस घटना से पीड़ित परिवार शोक में है। उक्त घटना की सूचना लवन पुलिस में दी गई, जहां मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम खैंदा के संजय वर्मा का चार वर्षीय पुत्र लक्की वर्मा अपने नाना के गांव चिरपोटा गया हुआ था। 3 नवम्बर की दोपहर 12 बजे घर के सामने वाले तालाब में गहराई जाने से डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पीएम कराने के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया है।

### मतदाताओं की सुविधा के लिए एसआईआर हेल्प डेस्क स्थापित

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 अंतर्गत संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार में मतदाताओं की सुविधा हेतु हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। हेल्प डेस्क के माध्यम से मतदाताओं को गणना पत्रक भरने एवं एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। हेल्प डेस्क का लाभ लेते हुए मंगलवार को कुल 22 नागरिकों ने आवश्यक जानकारी प्राप्त की। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले के सभी 1014 बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर-घर सर्वे कर 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक गणना पत्रक वितरण एवं संकलन का कार्य किया जाएगा।

### ट्रक कंटेनर से डीजल चोरी, अपराध दर्ज

**महासमुंद।** ट्रक कंटेनर से डीजल चोरी के मामले में रिपोर्ट पर पटेवा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी अशोक राय निवासी ग्राम करिंगाकोठी थाना मुफासिल जिला छपरा (बिहार) ने बताया कि वह ट्रक कंटेनर क्रमांक डब्लूबी 29 ई 0541 में अंकलेश्वर गुजरात से सामान लोड कर कोलकाता जा रहा था। 3 नवंबर की रात करीबन 2.30 बजे एनएच 53 रोड ढांक टोल प्लाजा के पास पहुंचा था और नींद आने से ट्रक को रोड किनारे खड़ी कर उसमें सो गया था। सुबह करीबन 6 बजे उठकर देखा तो ट्रक कंटेनर की टंकी का ढक्कन खुला हुआ था, टंकी में डीजल नहीं था। ट्रक कंटेनर की टंकी से लगभग 200 लीटर डीजल कीमत करीबन 20,000 रुपए को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिए। मामले में रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बोलेरो की ट्रैक्टर से टक्कर

**महासमुंद।** बोलेरो की ट्रैक्टर से टक्कर के चलते दो लोगों को चोटें आई हैं। पिथौरा पुलिस को फागेश्वर साहू निवासी ग्राम घोंच ने बताया कि वह गांव के माधुरी दीवान की बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 06 जीजेड 2594 का ड्राइवर है। 13 अक्टूबर को वह माधुरी दीवान को वाहन में लेकर बसना गया था। बसना से वापस ग्राम घोंच आते समय करीबन 6.30 बजे ग्राम मेमरा राजू ढाबा के पास आइशर ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 ई 5525 को उसके चालक ने बिना संकेत एवं लापरवाहीपूर्वक रोड में खड़ी किया था, जिससे एक्सीडेंट हो गया। एक्सीडेंट से प्रार्थी के सिर में चोट लगी है एवं कार के पीछे बैठे माधुरी दीवान के नाक, माथा में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 285 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# जिला स्तरीय राज्योत्सव : दूसरी शाम रंग झरोखा की प्रस्तुति ने बांधा शमा

## सुर ओ चन्दम बलौदाबाजार के कलाकारों ने भी दिलकश प्रस्तुति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ कठपुतली नृत्य ने खूब बटोरी तालियां






जिला स्तरीय तीन दिवसीय राज्योत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक संध्या में भिलाई के रंग सरोवर छत्तीसगढ़ की पुरातन व पारंपरिक शैलियों की झलकियां में भूपेन्द्र साहू एवं साथी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत गीत, संगीत एवं नृत्य ने शमा बांधा। दर्शक अंतिम प्रस्तुति तक डटे रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिलासपुर की किरण मोईतरा द्वारा कठपुतली कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई जिसमें बड़े एवं छोटे आकार क़े कठपुतलियों द्वारा नशामुक्ति का सन्देश एवं सुआ नृत्य ने खूब तालियां बटोरी। इसके साथ ही झांपी लोक सांस्कृतिक संस्था करमदा एवं सुर ओ चन्दम बलौदाबाजार के कलाकारों ने भी दिलकश प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर दीपक सोनी, डी एफ ओ गणवीर धम्मशील एवं सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल ने स्वामित्व योजना अंतर्गत किसानों को स्वामित्व कार्ड, टीबी मुक्त एवं बाल विवाह मुक्त पंचायत को प्रशस्ति पत्र, हम होंगे कामयाब के तहत युवाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों को सम्मानित भी किया गया।

## विरोध : आंदोलन में विधायक सहित जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए

# प्रीमियम शराब दुकान का विरोध, युवा कांग्रेस ने दुकान में की तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा




**सड़क से सदन तक जारी रहेगी लड़ाई**

कहा भाटापारा की शांति और सादगी को सरकार ने नशे और अपराध के हवाले कर दिया है। जब तक यह दुकान बंद नहीं होती, तब तक हमारी लड़ाई सड़क से सदन तक जारी रहेगी। धरना को सतीश अग्रवाल, राजकुमार शर्मा, आलोक मिश्रा, रोशन हबलानी,अरुण यदु, टेकसिंह ध्रुव, धनंजय तिवारी,दिवाकर मिश्रा, नानू सोनी, चंद्रशेखर चक्रधारी,मुकेश साहू, सत्यजीत शैंडे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरे ने कहा भाटापारा की शांति और सादगी को सरकार ने नशे और अपराध के हवाले कर दिया है। जब तक यह दुकान बंद नहीं होती, तब तक हमारी लड़ाई सड़क से सदन तक जारी रहेगी। धरना को सतीश अग्रवाल, राजकुमार शर्मा, आलोक मिश्रा, रोशन हबलानी,अरुण यदु, टेकसिंह ध्रुव, धनंजय तिवारी,दिवाकर मिश्रा, नानू सोनी, चंद्रशेखर चक्रधारी,मुकेश साहू, सत्यजीत शैंडे ने भी संबोधित किया।

नगर में प्रीमियम शराब दुकान के विरोध में युवा कांग्रेस एनएसयूआई ने धरना प्रदर्शन किया और तीन घंटे के लिए शराब दुकान में तालाबंदी की।

धरना को संबोधित करते हुए विधायक इन्द्र साव ने कहा कि भाटापारा का शांत माहौल आज सरकार की नीतियों के कारण अशांत हो चुका है। प्रदेश में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि आए दिन चाकूबाजी, लूट और नशे की घटनाएं सामने आ रही हैं। शासन-प्रशासन मौन दर्शक बना हुआ है। जनता असुरक्षित महसूस कर रही है और सरकार मूक दर्शक बनी बैठी है। अब जनता की सहनशक्ति जवाब दे चुकी है। साव नेआगे कहा कि जनविरोधी सरकार आम लोगों की पीड़ा नहीं समझती। नगर के बीचोंबीच प्रिमियम शराब दुकान खोलकर युवाओं को नशे की दलदल में धकेलने का प्रयास किया जा रहा है। जब तक यह दुकान बंद नहीं होगी, तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। यह लड़ाई सिर्फ शराब के खिलाफ नहीं, बल्कि सरकार की संवेदनहीनता के खिलाफ है।

दोपहर से चले धरना प्रदर्शन में शाम को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शराब दुकान में ताला जड़कर विरोध दर्ज कराया। शासन की ओर से किसी प्रकार का आश्वासन नहीं मिलने पर उपस्थित नगरवासियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निर्णय लिया कि यदि दुकान बंद नहीं होती, तो कार्तिक पूर्णिमा एवं श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पश्चात प्रतिदिन ▶▶ शेष पेज 10 पर

# युवा कांग्रेस महासचिव पर प्राणघातक हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

■ थाना पहुंचे विधायक, दर्ज कराई रिपोर्ट

सोमवार की रात बस स्टैंड स्थित बबलू पान ठेला के पास युवा कांग्रेस के विधानसभा महासचिव गोविंदा देवदास पर भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उज्वल मानिकपुरी, गौतम मानिकपुरी सहित लगभग 20-25 लोगों ने मिलकर प्राणघातक हमला किया। इसकी शिकायत थाने में दर्ज करायी गई है।

घटना उस समय की है, जब भाटापारा विधायक इंद्र साव अपने वाहन से बस स्टैंड क्षेत्र से गुजर रहे थे। उसी दौरान भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता द्वारा विधायक के प्रति अभद्र टिप्पणी की गई। पास में मौजूद युवा कांग्रेस नेता गोविंदा देवदास ने इसका विरोध करते हुए उन्हें इस तरह की अशोभनीय भाषा का प्रयोग न करने की सलाह दी। इसी बात से नाराज होकर उज्वल मानिकपुरी अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और देवदास पर हथियारों एवं अन्य वस्तुओं से हमला कर दिया।

हमले में देवदास को सिर पर गंभीर चोट, हाथ में फ्रैक्चर तथा पीठ पर अनेक चोट पहुंची हैं।

घटना के बाद घायल अवस्था में देवदास ने तत्काल थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सामान्य धाराओं में अपराध दर्ज किया। वहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए विधायक इन्द्र साव थाना पहुंचे और एसडीओपी तारेश साहू से चर्चा कर मामले पर ठोस कार्रवाई किये जाने की मांग की। युवा कांग्रेस ने इस पूरी घटना की निंदा करते हुए कहा है कि यह हमला केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और राजनीतिक शालीनता पर सीधा प्रहार है। सत्ता के दबाव में पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई न करना लोकतंत्र के लिए अत्यंत चिंताजनक है।

# उपभोक्ता आयोग ने मृतिका की बीमा राशि देने पारित किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ राशि देने 45 दिनों की समय सीमा निर्धारित की

डाक विभाग द्वारा मृतिका की बीमा राशि प्रदाय नहीं किये जाने के मामले में जिला उपभोक्ता एवं प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार ने डाक विभाग को बीमा की राशि 2 लाख एवं अन्य व्यय प्रदाय किये जाने के आदेश पारित किया है।

जानकारी अनुसार ग्राम रवान निवासी राकेश कुमार वर्मा की माता सती बाई वर्मा ने डाक विभाग से संतोष पॉलिसी के अंतर्गत बीमा पॉलिसी लिया था। सती बाई की मृत्यु होने पर आवेदक द्वारा दावा डाक घर के पास प्रस्तुत किया, परंतु विभाग ने आवेदक द्वारा तथ्यों को छुपाकर पॉलिसी प्राप्त किये जाने के आधार पर दावा को निरस्त कर दिया। आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में शिकायत की।

आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल व सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला एवं शारदा सोनी ने मामले की सुनवाई एवं दस्तावेजों का सूक्ष्म परिशीलन पश्चात मामले में निष्कर्ष दिया कि बीमा धारक द्वारा तथ्यों को छुपाकर पॉलिसी प्राप्त करने संबंधी अनावेदक का आधार उचित नहीं पाया जाता है। अनावेदक द्वारा अनुमान के आधार पर ही आवेदक का दावा निरस्त कर सेवा में कमी किया जाना पाया जाता है। अतः डाक विभाग ▶▶ शेष पेज 10 पर

# आज पलारी में लगेगा पुन्नी मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

■ कार्तिक पूर्णिमा पर देव स्वयं करेंगे ब्रह्म मुहूर्त में स्नान



आज पलारी में 1500 साल पुराना बालसमुंद पुन्नी मेला लगेगा।कार्तिक पूर्णिमा पर ब्रम्ह मुहूर्त में देव स्वयं स्नान करेंगे। विदित हो कि पलारी स्थित बालसमुंद मंदिर पूरी तरह से लाल ईंटों से निर्मित है तथा ईंटों को ही उकेरकर देवी देवताओं के अद्भुत एवं दर्शनीय चित्रण किया गया है, जो सदियों पहले के स्थिति में आज के टेक्नोलॉजी जमाने में किसी चमत्कार से कम नहीं है। मंदिर के मुख्य द्वार पर अर्धनारेश्वर विद्यमान है, द्वार पर ही शिव पार्वती का विवाह चित्रण है तथा शिर्ष भाग पर गंगा यमुना का विहंगम दृश्य परिलक्षित होता है।

वर्ष में एक दिन ऐसा भी आता है, जब देवता स्वयं धरती पर दीपावली मनाने आते हैं। इस दिन को देव दीपावली के नाम से जाना जाता है और साथ ही देवता ब्रह्म मुहूर्त में गंगा तट पर स्नान भी करते हैं। इस पौराणिक मान्यता का लोक में भी बड़ा महत्व है। इस दिन नगर पंचायत पलारी स्थित ▶▶ शेष पेज 10 पर

## कलेक्टर ने पखवाड़ा के लिए अधिकारियों को दिये जरुरी निर्देश

# जिले में कल से शुरू होगा राजस्व पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




फिल्ड में राजस्व सम्बन्धी समस्याओं तथा किसानों की समस्याओं का निराकरण के लिए 6 नवम्बर से जिले में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक में राजस्व पखवाड़ा की तैयारी हेतु अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिये।


कलेक्टर ने कहा कि 6 से 20 नवम्बर तक राजस्व पखवाड़ा आयोजन हेतु राजस्व अनुभाग स्तर पर शिविर आयोजित करने हेतु पंचायतों का क्लस्टर बनाएं। हर क्लस्टर में लगभग 10 से 15 ग्राम पंचायत हो। उन्होंने राजस्व पखवाड़ा के दौरान राजस्व सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण के साथ ही एग्री स्टेक पंजीयन एवं धान खरीदी से सम्बधित समस्याओं का भी निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों में शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा शासकीय भूमि को संरक्षित करने के सम्बन्ध में भी सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणों को समझाइश देने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने धरती आबा अभियान एवं आदि कर्मयोगी अभियान के तहत सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित कर पूरे पंचायत को संतृप्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने आगामी बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर रिजल्ट लाने रणनीति बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस बार स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था एवं स्कूल भवन की भी सुविधा दी गई है। स्कूलों में कॉम्पिटिशन का माहौल बनाएं। इस दौरान समय सीमा के आवेदनों का निराकरण, राजस्व प्रकरणों के निराकरण, लोक सेवा गारंटी, सीपीग्राम्स, मुख्यमंत्री जनदर्शन, शिकायत शाखा से सम्बधित लंबित आवेदनों के त्वरित निराकरण के भी निर्देश दिये।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, अवध राम टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# चोरी की घटना बढ़ी, सुनसान घरों को निशाना बना रहे चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा




देवउठनी पर्व के बाद से अंचल में इन दिनों धान कटाई का कार्य जोरों पर है। जहां ग्रामीण दिन में धान कटाई करने खेत जा रहे हैं। गांव व घरों में सुनेपन का फायदा इन दिनों चोर उठा रहे हैं। चोरी की घटनाएं बढ़ने से इन दिनों आम लोगों में दहशत है। अज्ञात चोरों द्वारा जिस तरह घरों से घरेलू सामाग्री पार की जा है उससे अंदेशा है कि अज्ञात चोर गांव या आसपास के गांवों से हो सकते हैं। फिलहाल लगातार हो रही चोरी की घटना से ग्रामीण सचेत है।

लवन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुण्डा में शनिवार रात एक प्रधान आरक्षक के घर को चोरों ने निशाना बनाया, जहां अज्ञात चोरों ने एक टीवी सहित घरेलू सामग्री पार कर दी। वहीं उसके एक दिन बाद 3 नवम्बर सोमवार को सुबह ग्राम मुण्डा में ही हिरौंदी बाई वर्मा 55 वर्ष घर में ताला लगाकर धान कटाई करने खेत गई थी। शाम को धान कटाई के बाद जब घर पहुंची तो देखा की घर का ताला टूटा हुआ था। घर अन्दर पहुंचने पर संदुक का ताला टुटा देखा और सामान बिखरा हुआ था। संदुक में रखे 4 नग सोने की माला, दो नग कान की खुंटी, नाक की नथली, एक जोड़ी पायल समेत दो टीन तेल अज्ञात चोरों ने पार कर दिया था। चोरी की घटना की जानकारी लवन थाना पहुंचकर पीड़ति महिला द्वारा दी गई है। पीड़ति महिला ने बताया कि इसके पहले भी उसी के घर में 3 बकरे का चोरी हुई थी। पीड़ति की रिपोर्ट पर लवन पुलिस ने शिकायत आवेदन लेकर जांच में जुटी हुई है।

# आदर्श और अनुष्का ने स्टार्टअप छग आइडियाथन स्पर्धा में हासिल किया शीर्ष स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

सृजनशीलता, विज्ञान और नवोन्मेष की संयुक्त साधना का गौरवशाली उदाहरण प्रस्तुत करते हुए दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल भाटापारा के मेधावी विद्यार्थी आदर्श वर्मा एवं अनुष्का सोनकर ने स्टार्टअप छत्तीसगढ़ आइडियाथन 2025 की राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा में शीर्ष पांच प्रतिभागियों में अपना स्थान सुनिश्चित कर भाटापारा सहित प्रदेश का मान बढ़ाया।

यह राज्यस्तरीय आयोजन छत्तीसगढ़ शासन एवं राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 2 नवम्बर को सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रदेशभर के युवा नवाचारकर्ताओं ने अपने-अपने कल्पनाशील प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए।

आदर्श वर्मा ने एआई रीजन बैंड नामक एक सेंसर-आधारित यंत्र विकसित किया है, जो दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हो सकता है। यह अभिनव बैंड सामने उपस्थित अवरोधों या खतरे के संकेत मिलने पर उपयोगकर्ता को ध्वनि या कम्पन के माध्यम से सचेत करता है। अब दृष्टिबाधित लोगों को लाठी के सहारे चलने की आवश्यकता नहीं होगी - केवल इस स्मार्ट वॉच को धारण करना ही पर्याप्त होगा।अनुष्का सोनकर ने बिनबोट नामक परियोजना के माध्यम से स्मार्ट वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम प्रस्तुत किया है।

## दोनों प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री साय ने किया सम्मानित




### 51 हजार की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया

दोनों विद्यार्थियों के इन वैज्ञानिक एवं सामाजिक उपयोगिता से परिपूर्ण नवाचारों को निर्णायकों द्वारा अत्यधिक सराहा गया। आदर्श वर्मा को प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 51 हजार की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें मुख्यमंत्री के साथ लंच करने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ। इसी प्रकार अनुष्का सोनकर को उनके उत्कृष्ट प्रोजेक्ट बिनबोट के लिए द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 11 हजार की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति–पत्र देकर मुख्यमंत्री साय ने सम्मानित किया। 4 नवम्बर को अटल नगर, रायपुर स्थित मेफेयर लेक रिसॉर्ट में आयोजित सम्मान समारोह में यह अलंकरण सम्पन्न हुआ। इस उल्लेखनीय उपलब्धि में प्रधानाचार्य योगेश पोपट एवं वाणिज्य विभाग के शिक्षक दीपक यदु का मार्गदर्शन प्रेरणादायी रहा।

## खबर संक्षेप

### सिरको में मनाया गया आंवला नवमी का पर्व

बसना। ग्राम सिरको में आंवला नवमी का पर्व बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। यह पर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने और आंवले के वृक्ष की पवित्रता का सम्मान करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। पूजन कार्यक्रम में पुजारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर महिलाओं ने सपरिवार आंवले के वृक्ष के नीचे भोग चढ़ाया और भगवान विष्णु की पूजा कर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। ग्रामीणों ने सामाजिक सौहार्द के वातावरण में एक साथ त्यौहार मनाया। बच्चों से लेकर वयस्कों तक सभी ने पूजा में भाग लिया और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आंवला नवमी का पर्व हुआ। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा है बल्कि यह प्रकृति संरक्षण और परिवारिक एकता का संदेश भी देता है।

### पेंशनर्स के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट की सुविधा पहुंचा रहा डाक विभाग

पिथौरा (ग्रामीण)। डाक विभाग के इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से इस वर्ष भी पेंशनरों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा प्रदान की जा रही है। यह सेवा पेंशनभोगियों के लिए एक बायोमेट्रिक सक्षम डिजिटल प्रणाली है, जिसके जरिए वे घर बैठे या नजदीकी डाकघर जाकर अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। केंद्र, राज्य सरकार या किसी भी सरकारी संगठन से पेंशन प्राप्त करने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारी इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। वृद्ध पेंशनरों के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन कठिन होने की स्थिति में अब चेहरा प्रमाणीकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन जारी रखने के लिए प्रत्येक पेंशनभोगी को अधिकृत बैंक या डाकघर में जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होता है। पेंशनभोगी चाहे तो निकटतम डाकघर जाकर या आईपीपीबी की डोरस्टेप बैंकिंग सेवा के माध्यम से भी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जनरेट कर सकते हैं।

## निधन

### बोधनलाल साहू



पलारी। नगर पंचायत रोहांसी के वार्ड 13 निवासी बोधनलाल साहू का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिक शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए। वे मोहन, मोरजध्वज साहू के भाई तथा जितेंद्र, खिलेश्वर साहू के पिता थे।

### सुखबाई यादव



बालौदाबाजार। सिमगा निवासी सुखबाई यादव का निधन मंगलवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

-:: आम सूचना ::-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकारगण रामानुज, राममोहन, विशेषर एवं रामेश्वर पिता स्व. बीरसिंह यादव निवासी ग्राम लटुवा, तह. बलौदाबाजार तथा अन्य पक्ष धनीराम, मनीराम, मुगेशिया एवं भूरी बाई पिता पनस यादव निवासी ग्राम कोकडी, तह. मस्तुरी जिला बिलासपुर के संयुक्त नाम पर ग्राम लटुवा, प.ह.नं. 07 तहसील बलौदाबाजार में कुल खसरा नंबर 05 रकबा 4 एकड भूमि भूमिस्वामी हक में राजस्व अभिलेख में दर्ज है जिसमें से 2 एकड भूमि मेरे पक्षकारगण एवं 2 एकड भूमि अन्य पक्ष के स्वामित्व का है। अन्य पक्षगण धनीराम, मनीराम, मुगेशिया एवं भूरी बाई पिता पनस यादव द्वारा अपने हिस्से के 2 एकड भूमि को मेरे पक्षकारगण के पास 5 लाख रूपये में बेचने का दिनांक 01.02.2024 को सौदा पक्का कर बतौर बयाना 1 लाख रूपये मेरे पक्षकारगण से ले चुके है जिसकी रजिस्ट्री 1 माह के अंदर कराने का सौदा हुआ था परंतु एक पक्षकार मनीराम कही अन्यत्र चला गया है जिसकी कोई खोज खबर नही होने के कारण से उक्त बिक्रीशुदा भूमि की रजिस्ट्री नही हो पायी है। मेरे पक्षकारगण को यह जानकारी मिली है कि अन्य पक्षगण मनीराम को लापता घोषित कर उसकी पत्नी के साथ मिलकर उक्त बिक्रीशुदा भूमि को अन्य के पास बिक्री करने का सौदा किया जा रहा है जबकि उक्त भूमि पर मेरे पक्षकारगण का ही कब्जा सौदा दिनांक से चला आ रहा है। अतः आमजनों के हितार्थ यह आम सूचना प्रकाशित की जाती हैं कि कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि को धनीराम, मनीराम, मुगेशिया एवं भूरी बाई पिता पनस यादव से न ही खरीदे और न ही खरीदने का सौदा करें। अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा की जाने वाली विधि सम्मत कार्यवाही के परिणाम स्वरूप होने वाले प्रत्येक प्रतिकूल परिणाम हेतु क्रेता स्वयं जिम्मेदार होगा। सो सूचना जाने।

भवदीय
सतीश चन्द्र श्रीवास्तव,
अधिवक्ता, बलौदाबाजार
मोबा.- 8770933790

## खेलभाटा मैदान में विभिन्न स्टाल और विभागीय झांकियों का आयोजन

# जिला स्तरीय राज्योत्सव में पीएमश्री सेजेस के छात्रों ने दी आकर्षक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसींवा




छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर जिले में आयोजित जिला स्तरीय रजत जयंती महोत्सव में पी एम श्री सेजेस स्कूल सरसींवा की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर खेलभाटा मैदान में विभिन्न स्टाल और विभागीय झांकियों का आयोजन किया गया था। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों ने भाग लिया। पीएम श्री सेजेस सरसींवा के बच्चों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए पारंपरिक वेशभूषा में छत्तीसगढ़ी लोकगीत पर शानदार प्रस्तुति दी। उनकी इस मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने प्रतिभागी बच्चों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

प्राचार्य बी एल कुर्रे, रजनी राठौर, रसिया भोई, आरती पटेल, प्रफुल्ल कुमार साहू, कुलदीप, कमल पटेल, केशव डनसेना एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं ने छात्रों की प्रस्तुति को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुरस्कार मिलने से वही छात्रों में पुरस्कार मिलने से उनका उत्साह बढ़ गया और वे भविष्य में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित हुए। मुड़पार सरसींवा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर जिले में आयोजित जिला स्तरीय रजत जयंती महोत्सव में पी एम श्री सेजेस स्कूल सरसींवा की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर खेलभाटा मैदान में विभिन्न स्टाल और विभागीय झांकियों का आयोजन किया गया था। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों ने भाग लिया। पीएम श्री सेजेस सरसींवा के बच्चों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए पारंपरिक वेशभूषा में छत्तीसगढ़ी लोकगीत पर शानदार प्रस्तुति दी। उनकी इस मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने प्रतिभागी बच्चों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

प्राचार्य बी एल कुर्रे, रजनी राठौर, रसिया भोई, आरती पटेल, प्रफुल्ल कुमार साहू, कुलदीप, कमल पटेल, केशव डनसेना एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं ने छात्रों की प्रस्तुति को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुरस्कार मिलने से वही छात्रों में पुरस्कार मिलने से उनका उत्साह बढ़ गया और वे भविष्य में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित हुए।

### राज्योत्सव पर शिवरीनारायण मंदिर लाइटिंग से हुए रोशन



गिधौरी। छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस राज्योत्सव पर धर्म और अध्यात्म की नगरी शिवरीनारायण एवं गिधौरी इन दिनों जगमगा उठा है। महानदी बैराज एवं श्रीरामजी की 25 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा और आसपास का क्षेत्र रंग-बिरंगी लाइटिंग, लेजर, शार्फी और पारा लाइट्स की अद्भुत छटा से सजा हुआ है। शाम ढलते ही जब रोशनी का यह अनोखा संगम शुरू होता है, हर दिन शाम 6.30 बजे से रात 12 बजे तक चलने वाले इस शो में श्रीराम के वनगमन से जुड़े प्रसंगों को आधुनिक प्रकाश और साउंड इफेक्ट्स के साथ प्रदर्शित किया जा रहा है। सैकड़ों लाइटों की झिलमिलाहट, बहती महानदी की पृष्ठभूमि और संगीत की ताल मिलकर ऐसा माहौल बना देती है, मानो भक्ति और तकनीक एक साथ नृत्य कर रहे हों। नगरवासियों के साथ-साथ आसपास के गांवों और जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक इस दृश्य का आनंद लेने शिवरीनारायण पहुंच रहे हैं। परिवारों के लिए यह स्थल धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक गौरव और पर्यटन का सुंदर संगम बन गया है।

## देवरानी में कबीर सत्संग, भजन-कीर्तन एवं चौका आरती का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

ग्राम देवरानी में तीन दिवसीय कबीर सत्संग, भजन-कीर्तन एवं चौका आरती का भव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के हुआ। कार्यक्रम में दूर-दूर से संतजन, श्रद्धालु एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

आयोजन के दौरान संत-महात्माओं ने संत कबीर के विचारों और मानवता, प्रेम व सत्य के संदेशों पर आधारित प्रवचन देकर उपस्थितजनों को आध्यात्मिक ज्ञान से अभिभूत किया। भजन-कीर्तन के मधुर स्वर से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। प्रतिदिन शाम को चौका आरती का आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक रीति से सहभागिता निभाई और श्रद्धा भाव से आरती उतारी।

सत्संग स्थल को फूलों व दीपों से सजाया गया था, जिससे पूरा परिसर एक पवित्र और अलौकिक वातावरण में परिवर्तित हो गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। ग्रामवासियों ने बताया कि इस आयोजन से समाज में आपसी प्रेम, एकता और आध्यात्मिक चेतना का संदेश फैल रहा है। सभी ने ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से जारी रखने की अपील की।

## तेंदूभांठा में आज निकाली जायेगी गौरी-गौरा की बारात

सेल। ग्राम पंचायत मटिया के आश्रित ग्राम तेंदूभांठा में पारंपरिक उल्लास के साथ महिलाओं ने सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी। गांव में चारों ओर पारंपरिक गीतों की गूंज सुनाई दे रही है। महिलाओं ने अपनी टोली बनाकर गांव-गांव जाकर सुआ नृत्य प्रस्तुत किया और घर-घर में चावल-पैसा तरी हरी नाना की गूंज से माहौल भक्तिमय बना दिया।स्थानीय परंपरा के अनुसार 5 नवंबर को गौरी-गौरा की बारात निकाली जाएगी, वहीं 6 नवंबर को विधि-विधानपूर्वक प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रामवासी पूरे उत्साह के साथ गौरी-गौरा पूजा की तैयारियों में जुटे हुए हैं। पूजा के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें ग्रामीण बाजे-गाजे और जयघोष के साथ भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमाओं को तालाब तक ले जाएंगे।



## कॉलेज में नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासकीय दाउ कल्याण कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में नई दिशा अभियान एवं हम होंगे कामयाब कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि हेमंत वर्मा साइबर सिक्योरिटी एवं साइबर रिस्क एक्सपर्ट द्वारा युवाओं को साइबर जागरूकता एवं धोखाधड़ी से संबंधित जानकारी, परामर्श तथा बचाव के उपायों के बारे में बताया गया।

समाज कल्याण विभाग द्वारा नई दिशा अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान में नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई एवं नशामुक्ति शपथ दिलाई गई। इस दौरान सभी ने नशामुक्त भारत अभियान के क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन शपथ लेकर सर्टिफिकेट प्रदान किया। हम होंगे कामयाब कार्यक्रम के अंतर्गत कैरियर मार्गदर्शन कौशल विकास तथा रोजगार से संबंधित जानकारी दी गई। जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से मानसिक स्वास्थ्य के विषय में जानकारी प्रदान की गई तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न योजना की जानकारी दी गई।

## केसरवानी समाज ने नई कार्यकारिणी का गठन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार







केसरवानी समाज ने दीपावली मिलन एवं नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के वरिष्ठजनों ने किया। इस अवसर पर समाज के संरक्षक जागेश्वर प्रसाद, नरेंद्र कुमार, बद्री प्रसाद, विजय कुमार प्रदेश संरक्षक, रामगोपाल राष्ट्रीय संगठन मंत्री, नरेश केसरवानी प्रदेश संगठन मंत्री तथा विभा केसरवानी प्रदेश महिला सभा अध्यक्ष सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम का आयोजन नगर सभा द्वारा किया गया, जिसमें श्याम सुंदर केसरवानी नगर सभा अध्यक्ष, प्रेम नारायण केसरवानी महामंत्री, शिव केसरवानी कोषाध्यक्ष और महिला सभा की अध्यक्ष रजनी राज नारायण केसरवानी, महामंत्री मनीषा केसरवानी, कोषाध्यक्ष रीता केसरवानी सहित पूरी टीम ने आयोजन को सफल बनाया।

शपथ ग्रहण के दौरान नगर सभा के अध्यक्ष राज नारायण केसरवानी, महामंत्री विकास केसरवानी, कोषाध्यक्ष नितेश केसरवानी, महिला सभा की अध्यक्ष दीप्ति केसरवानी, महामंत्री भावना केसरवानी, कोषाध्यक्ष पिंकी केसरवानी तथा तरुण सभा के अध्यक्ष आशीष केसरवानी, महामंत्री विकास केसरवानी और कोषाध्यक्ष अपूर्व केसरवानी ने शपथ ग्रहण की।

समारोह में वरिष्ठजनों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और समाजहित में कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम उपरांत सभी अतिथियों के लिए सामूहिक भोजन एवं महिला सभा द्वारा मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। अंत में चाय-स्वल्पाहार के साथ दीपावली मिलन का यह आयोजन सौहार्द और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन रजनी राज नारायण केसरवानी ने किया और आभार प्रदर्शन आशीष केसरवानी द्वारा किया गया।

### दीक्षांत बने सीए

महासमुंद। ग्राम खरोरा निवासी दीक्षांत चंद्राकर के सीए बनने पर ग्रामीणों में हर्ष है। केआर चंद्राकर, शिक्षक मेमन चंद्राकर, शिक्षक ओमप्रकाश चंद्राकर, शिक्षक मंजू चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, अशोक चंद्राकर, रश्मि चंद्राकर, संतोष चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, भीखम, अनीता चंद्राकर ने हर्ष जताया है।

### सुवा नृत्य प्रतियोगिता में आरंग प्रथम

पलारी। ग्राम चरौदा में बोल बम कांवरिया संघ एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा राज गौरी गौरा स्थापना तथा उनके उपलक्ष में देवउठनी एकादशी पर्व पर राज्य स्तरीय सुवा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें अंचल के सुवा नृत्य के प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम-मां के प्रेरणा सुवा पार्टी आरंग, द्वितीय-सुवा के बोली रानीसागर, तृतीय-सुवा पार्टी टिहरी नाल बागबाहरा, चतुर्थ -लोकलहर चरौटी, पंचम हमर छत्तीसगढ़ के धरोहर हलवाई खपरी रही।



## पेज 9 के शेष

### प्रीमियम शराब दुकान...

शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक शराब दुकान के सामने धरना जारी रहेगा।धरने में भारी संख्या में कांग्रेसजन एवं नगरवासी उपस्थित रहे। इस दौरान जनसैलाब ने शराब दुकान बंद करो, जनविरोधी सरकार मुर्दाबाद, भाटापारा की शांति लौटाओ जैसे नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन को और तेज किया। आंदोलन में सुशील शर्मा, शैली भाटिया, जीतेन्द्र शर्मा, जित्तू ठाकुर, मनमोहन कुर्रे, किशन निर्मलकर, मोहन निषाद, शदाब जलियावाला, हरीश लहरे,विवेक यदु, रवि ध्रुव, रवि शर्मा, दीपक वर्मा, जीतू ठाकुर, दिनेश तिवारी, धनंजय कुर्रे, राजेंद्र वर्मा, अय्यूब खान सिमगा, ठाकुर राम साहू, गोविंदा देवदास बलराम जोशी सहित एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस, सेवादल, महिला कांग्रेस के पदाधिकारी एवं आम नागरिक सैकड़ों की तादाद में उपस्थित थे।

### उपभोक्ता आयोग ने ...

रायपुर आवेदक को मृतिका सती बाई वर्मा के बीमा की राशि 2 लाख एवं मानसिक क्षति हेतु 5 हजार तथा वाद व्यय हेतु 2 हजार का आदेश दिनांक से 45 दिन के भीतर प्रदाय किये जाने का निर्णय सुनाया है।

### आज पलारी में ...

बालसमुंद तालाब गंगा तट के रूप में परिणत हो जाता है और अर्द्ध रात्रि से आस पास के गांव से आए असंख्य लोग कार्तिक पूर्णिमा के दिन इस विशाल तालाब में स्नान करके पुण्य के भागी बनते हैं। कहा जाता कि कार्तिक पूर्णिमा की रात्रि में भगवान शिव और भगवान विष्णु का मिलन होता है यह हरि और हर का संगम है। यही कारण है कि इस दिन शिव और विष्णु दोनों की पूजा का विशेष महत्व होता है।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दीपावली मिलन समारोह 7 को

**महासमुंद।** स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में 7 नवंबर शुक्रवार को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सायंकाल 04:30 बजे से जय गणेश कीर्तन तत्पश्चात महामंत्र का सामूहिक संकीर्तन, 5 बजे से 07:30 बजे तक भजन-कीर्तन व आरती पश्चात समापन होगा। उक्ताशय की जानकारी तारेंद्र चंद्राकर ने दी है।

### सैनिक परिवारों के लिए 10 हजार 250 रुपए का आर्थिक सहयोग

**महासमुंद।** देश की रक्षा में सरहद पर कर्तव्य निभाते हुए शहीद हुए सैनिकों एवं विभिन्न युद्धों में घायल एवं अपंग हुए सैनिकों तथा उनके परिवारों की आर्थिक सहायता के लिए महर्षि विद्या मंदिर मचेवा के छात्र-छात्राओं ने प्रशंसनीय पहल की है। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति भावना से प्रेरित होकर कुल 10 हजार 250 रुपए की सहायता राशि एकत्रित की गई। विद्यालय प्राचार्य द्वारा बताया गया कि विद्यार्थियों से प्राप्त कुल धनराशि 10 हजार 250 रुपए का दो नग डिमांड ड्राफ्ट तैयार किया गया। उक्त दोनों डिमांड ड्राफ्ट को विशेष वाहक हेमप्रकाश निर्मलकर, सहायक वर्ग-3 के माध्यम से संबंधित कार्यालय को प्रेषित किया गया है।

### संकुल केंद्र अमलोर में हुई समीक्षा बैठक

**महासमुंद।** संकुल केंद्र अमलोर में विभागीय समीक्षा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संकुल प्रभारी घनश्याम ठाकुर, समन्वयक जोगेंद्र कुमार गिलहरे ने किया। बैठक में कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं परीक्षा परिणाम कार्ययोजना, अपार आईडी, जाति प्रमाण पत्र, निर्माण कार्य की समीक्षा, पीजेआई, यूडाइस एंट्री, दिव्यांग बच्चों की जानकारी, एफएलएन मेला पर विस्तृत चर्चा की गई।

# पुलिस सुरक्षा के साथ भूमि पर कब्जा दिलाने महिला ने गुहार लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पिथौरा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम जगदीशपुर की एक महिला किसान सरिता पति पुनीत ने अपनी कृषि भूमि पर से अवैध कब्जा हटाने के लिए नायब तहसीलदार के कानूनी आदेश के बावजूद पूरा कब्जा न मिलने और जान-माल के खतरे की शिकायत करते हुए उच्च अधिकारियों से पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई की मांग की है।

सरिता पति पुनीत ने प्रशासन को सौंपे अपने आवेदन पत्र में बताया है कि उनके नाम से ग्राम साल्हेतराई और खुर्शीपहार, रा.नि.मं. देवरी, तहसील पिथौरा, जिला महासमुंद में एकल खाते में कृषि भूमि दर्ज है।

इस भूमि पर लंबे समय से अवैध कब्जा था, जिसके खिलाफ उन्होंने कानूनी लड़ाई लड़ी। इस कानूनी प्रक्रिया के फलस्वरूप, न्यायालय नायब तहसीलदार पिथौरा द्वारा धारा 250 के अंतर्गत अवैध कब्जा हटाने का आदेश पारित किया गया था। यह आदेश कानूनी रूप से सरिता के पक्ष में आया, जिससे उन्हें अपनी पैतृक या अर्जित संपत्ति का हक मिलना सुनिश्चित हुआ।

## कानूनी आदेश के बावजूद भूमि पर कब्जा नहीं मिलने से परेशान

### आदेश के बाद भी कार्रवाई अधूरी

सरिता के अनुसार, नायब तहसीलदार के आदेश के अनुपालन में, 15 अक्टूबर को राजस्व निरीक्षक और पटवारी द्वारा मौके पर कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई थी। हालांकि, यह कार्रवाई अधूरी रह गई। सरिता ने अपने आवेदन में स्पष्ट किया है कि मौके पर पूरा कब्जा नहीं हटाया गया है। आधा कब्जा ही हटाया गया है। उनका कहना है कि संपूर्ण भूमि उनके कानूनी हक की है, लेकिन प्रशासनिक अमले की मौजूदगी के बावजूद, उन्हें उनकी पूरी संपत्ति का कब्जा नहीं मिल पाया।



### जान-माल का खतरा और दबंगों की धमकी

सरिता ने अपने आवेदन में कोटवार जयमल कुलदीप और सरपंच कमल प्रधान पर कार्रवाई में व्यवधान डालने का सीधा आरोप लगाया है। आवेदन के अनुसार, उन्हें ये कहकर धमकी दी जा रही है कि वे उन्हें गला दबाकर बांध फेंक देंगे। इसके अतिरिक्त, सरिता ने फिरन, सतकुमारी, वरूण, गोपी, अशोक, आदम कुमार, सतकुमार, कौशिल्या और प्रशांत राउत सहित कई अन्य व्यक्तियों का नाम लेते हुए बताया है कि सब मिलकर मुझे मारने की धमकी देते हैं।

## शिकायत: ग्रामीणों ने सरपंच और मेट पर लगे गंभीर आरोप

# कुसमी पंचायत में मनरेगा के नाम पर लाखों का फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) जो ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की रीढ़ है, उसी में जिले के बागबाहरा विकासखंड की ग्राम पंचायत कुसमी में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर को जनदर्शन कार्यक्रम में दिए गए शिकायती आवेदन ने इस फर्जीवाड़े की पोल खोल दी है। शिकायत में पूर्व सरपंच और एक मेट पर फर्जी मजदूरों के नाम पर लाखों रुपये आहरित करने और योग्य बेरोजगारों को नज़रअंदाज़ करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। शिकायत के अनुसार, ग्राम पंचायत कुसमी के मनरेगा कार्यों में पूर्व सरपंच केशवराम साहनी और मेट बालाराम पटेल ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए सरकारी खजाने को क्षति पहुंचाई पूर्व सरपंच केशवराम साहनी पर आरोप है कि उन्होंने मस्टर रोल में अपनी पत्नी, पुत्र, पुत्रवधू और बहन समेत परिवार के कई सदस्यों के नाम डालकर फर्जी तरीके से राशि निकाली है। चौंकाने वाली बात यह है कि उनकी पुत्रवधू (बहू) डाली साहनी का नाम मेट के रूप में भी दर्शाया गया है। मेट बालाराम पटेल पर आरोप है कि इसी तरह, मेट बालाराम पटेल ने भी अपनी पत्नी, पुत्र, पुत्रवधू और एक अन्य पुत्र का नाम मनरेगा के मस्टर रोल में अंकित करवाकर फर्जी भुगतान प्राप्त किया है। ग्रामीणों का दावा है कि ये सभी नाम या तो फर्जी हैं या इन लोगों ने वास्तव में कार्य नहीं किया है।

### बेरोज़गारों को नज़रअंदाज़ कर करीबियों को लाभ

शिकायती पत्र में बताया गया है कि ग्राम पंचायत में मेट के रूप में कार्य करने के इच्छुक कई बेरोजगार युवकों को जानबूझकर नजरअंदाज किया गया। इसके विपरीत, सरपंच और मेट ने अपने करीबी माने जाने वाले कुछ लोगों को भारी आर्थिक लाभ पहुंचाया। केवल फीता नापकर भारी-भरकम मज़दूरी दिया गया हैं। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, ग्राम पटेल भूपतसिंह दीवान, रतनलाल पटेल, पंच सुंदरलाल पटेल, राधेश्याम पटेल जैसे कुछ करीबी लोगों को केवल फीता नाप जैसे मामूली काम के बदले में लगभग 35-36 हफ्तों की दैनिक मजदूरी देकर बड़ा आर्थिक लाभ पहुँचाया गया।

### कलेक्टर से उचित कार्रवाई की मांग

आवेदकों ने कलेक्टर से अपील की है कि वे इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च-स्तरीय जांच कराएं। उनकी मुख्य मांग है कि मस्टर रोल में फर्जी मजदूरों के नाम डालकर राशि आहरण करने वाले पूर्व सरपंच और मेट समेत सभी दोषियों पर उचित एवं कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि मनरेगा जैसे महत्वपूर्ण योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके और गरीब तथा बेरोज़गारों का हक़ मारा न जा सके। राजू सिंह ठाकुर, मोहनलाल, गणेशु, तुकेराम, डुमरलाल, राजकुमार एवं ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल एक पंचायत का मामला नहीं है, बल्कि यह दर्शाता है कि ग्रामीण विकास की योजनाओं में किस तरह से पैसे का बंदरबांट किया जा रहा है।

# नयापारा के सूने मकान में नगदी और लाखों के आभूषणों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 में बीती रात एक और बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। इस बार चोरों ने उस घर को निशाना बनाया, जहां के सदस्य एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा के चलते रात एक बजे अस्पताल लेकर गए थे।

मिली जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 6 निवासी असलम रज़ा के घर में गर्भवती बहू को रात्रि लगभग 1 बजे प्रसव पीड़ा हुई, ऐसे में परिवार के तीनों सदस्य महिला को लेकर अस्पताल चले गए और घर पूरी तरह खाली रह गया।

सुबह जब पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदार ने देखा कि घर का दरवाजा टूटा हुआ है। तब उन्होंने इसकी सूचना असलम रज़ा को दी। जब असलम रज़ा घर पहुंचे, तो आलमारी टूटी हुई थी और सामान बिखरा पड़ा था। घर की अलमारी में रखे करीब साढ़े 5 लाख रुपये नगद और 15 से 20 लाख रुपये के सोने-चांदी के गहने चोरी हो गए थे। पुलिस ने जांच शुरू की और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस ने आस-पास के सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं को लेकर स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना में फर्जीवाड़ा का संदेह

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को पक्का मकान मुहैया कराने की महत्वाकांक्षी योजना एक बार फिर गंभीर अनियमितताओं के घेरे में आ गई है। नवीनतम मामला ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर, किशनपुर और अठारहगुडी से सामने आया है, जहां वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के दौरान स्वीकृत आवासों में व्यापक फर्जीवाड़ा होने का संदेह है। स्थानीय प्रशासन से इन सभी स्वीकृत मकानों का तत्काल भौतिक सत्यापन और मामले की कड़ी जाँच कराने की मांग की गई है। श्रवण कुमार के शिकायत के अनुसार, तीनों ग्राम पंचायतों में स्वीकृत कई आवासों में बिना नया मकान बनाए ही पुराने या कच्चे मकानों को योजना के तहत टैग कर दिया गया है।






सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
01 नवम्बर 2025
SHOW TIME
बाहुबली द ईपिक
शो समय - 3:00, 6:00 PM
थामा
शो समय - 12:00, 9:00 PM
एक दीवाने की दीवानियत
शो समय - 12:00,3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### गोपालपुर में पीएम आवास के लिए 71 हितग्राही चयनित

**गोपालपुर**। जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के आश्रीत नवीन ग्राम पंचायत गोपालपुर में प्रधानमंत्री आवास प्लस के तहत 71 हितग्राहियों का नाम सूची में आया है। जहां उनके खाते में प्रथम किस्त चालीस हजार रुपए भी आया है। इसके पूर्व गांव में 22 पीएम आवास और आया था, वह भी लगभग पूर्णतः की ओर है। कुल मिलाकर अब तक सरपंच मानती पहारु साहू के कार्यकाल में 93 आवास आया है। हितग्राहियों ने चर्चा के दौरान बताया कि नव गठित पंचायत होने पर शासन के योजना का लाभ भरपूर मिल रहा है।

### रिया बनीं सीए



**भाटापारा**। रिया अग्रवाल ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार, समाज एवं नगर का नाम रोशन किया। रिया छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष बृजेश अग्रवाल एवं अर्चना अग्रवाल की सुपुत्री है। इस उपलब्धि पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष एडवोकेट जेके अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, राजू दाऊ, नीतीश अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, राकेश तिवारी, दीपक मल, मनोज डागा, रूपेश मखीजा, नंदकिशोर अग्रवाल एवं सभी शुभचिंतकों ने बधाई दी।

### सचिन ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की



**हिरमी-रावन**। ग्राम कुथरौद निवासी केदारनाथ पटेल सचिव के पुत्र सचिन पटेल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर पंचायत कुथरौद सहित माता-पिता और पूरे पटेल समाज का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता पर ग्रामवासियों में हर्ष है। जिला पंचायत सदस्य डॉ. मोहन वर्मा, ग्रामीण शंकर पटेल सहित अनेक लोगों ने सचिन पटेल को शुभकामनाएं दी।

### ट्रक की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद**। ग्राम डुडुमचुंवा में ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को नीलांबर राठिया ग्राम डुडुमचुंवा ने बताया कि 3 नवंबर की शाम लगभग 04-05 बजे टीकाराम राठिया रोड की ओर जा रहा था, तभी पीछ से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 06 जी एल 8670 के चालक ने अपने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे टीकाराम राठिया की मौके पर मौत हो गई।

**पर्व :** प्रकाश पर्व पर सिख समाज ने किया शोभायात्रा का आयोजन

# मानवता के कल्याण का संदेश देता है गुरु नानक देवजी का जीवन दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

प्रकाश पर्व पर सिख समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इससे नगर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण व्याप्त हो रहा है। शोभायात्रा का नगरवासियों द्वारा श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया तथा गुरु नानक देव जी के चरणों में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने भी शोभायात्रा में सम्मिलित होकर श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मत्था टेक आशीर्वाद प्राप्त किया।

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि गुरु नानक देवजी का जीवन दर्शन मानवता के कल्याण का संदेश देता है। उनके उपदेश हमें प्रेम, समानता और सेवा का मार्ग दिखाते हैं। हमें उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलकर समाज में एकता, भाईचारा और शांति का वातावरण बनाना चाहिए। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि गुरु नानक देव जी के उपदेश हमें सिखाते हैं कि जहाँ प्रेम है वहीं परमात्मा है, और जहां सेवा है वहीं सच्ची भक्ति है। हम सबको उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश फैलाना चाहिए। साथ में पूर्व जिलामहामंत्री राकेश तिवारी, महाबल बघेल, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, महामंत्री उमाशंकर वर्मा, गोपाल देवांगन, युवामोर्चा अध्यक्ष आशीष टोडर, सभापति सतीश तलरेजा, दशरथ साहू, भुवन सिंह, पार्षदगण नंदु वैष्णव, सतीश साहू, राजेश साहू, लिकेश साहू, मनीष पंजवानी, राजा कमनानी, मनिन्दर सिंह गुम्बर, काके थदवानी, सलीम खान, आयेशा खान, नीरा साहू, मधु सोनी, तनुजा धृतलहरे, अंजनी जायसवाल एवं समस्त कार्यकर्तागण मौजूद थे।

## सिमगा में प्रकाश पर्व पर निकाली प्रभात फेरी



**सिमगा**। सिख एवं सिंधी समाज की संगत द्वारा मंगलवार सुबह गुरुद्वारा नानक दरबार से धन-धन श्री गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी निकाली गई। स्त्री सत्संग की महिलाओं ने गुरु वाणी का गायन करते हुए भक्ति और श्रद्धा का वातावरण निर्मित किया। प्रभात फेरी गुरुद्वारा नानक दरबार से प्रारंभ होकर जय स्तंभ चौक, फव्वारा चौक, आजाद चौक, बाजार चौक से होते हुए पुनः गुरुद्वारा परिसर में संपन्न हुआ। गुरुद्वारा में आयोजित कीर्तन कार्यक्रम में ज्ञानी हरिसिंह बेदी ने गुरु विचार प्रस्तुत कर गुरु नानक देवजी के उपदेशों सत्य, करुणा, सेवा और समानता को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

इस अवसर पर युवा सिख संगठन के सदस्य गोगजी भाटिया ने संगत को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं देते हुए गुरु नानक देवजी की शिक्षाओं का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव ने मानवता को यह सिखाया कि ईश्वर एक है और सब में वही ज्योति विद्यमान है। आज के समय में जब समाज जाति, धर्म और स्वार्थ के कारण विभाजित होता जा रहा है, तब गुरु नानक देव की नाम जपो, किरत करो और वंड छको की शिक्षा और भी अधिक प्रासंगिक है। गोगजी भाटिया ने कहा कि यदि हम गुरु नानक देव के बताए मार्ग पर चलें सत्य बोलें, मेहनत करें और बाँटकर खाएं तो समाज में समानता, भाईचारा और शांति स्थापित हो सकती है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अमरजीत सिंह भाटिया ने प्रभात फेरी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रभात फेरी केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आत्मिक जागृति का प्रतीक है। इसके माध्यम से समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव का संदेश दिया जाता है। उन्होंने आगे बताया कि नानक देव का जन्म 1469 ईस्वी में तलवंडी अब पाकिस्तान में ननकाना साहिब में हुआ था। गुरुजी ने अपने जीवनभर मानवता, समानता और ईश्वर की एकता का संदेश दिया तथा अंधविश्वास, भेदभाव और पाखंड का विरोध किया। वहीं भाटिया ने यह भी जानकारी दी कि 5 नवंबर को सुबह 10 बजे रखे गए सहज पाठ की समाप्ति के पश्चात पंथ के प्रसिद्ध रागी भाई सुमीत सिंह एवं भाई संदीप सिंह उना वाले अपने कीर्तन द्वारा संगत को निहाल करेंगे। उपरांत गुरु का अटूट लंगर वरतेगा तथा शाम के दीवान में भी कीर्तन एवं लंगर का आयोजन किया जाएगा। प्रभात फेरी के समापन के पश्चात नाश्ते का लंगर आयोजित किया गया, जिसमें संगत ने श्रद्धापूर्वक भाग लेकर गुरु परंपरा की सेवा और प्रेम भावना को जीवंत किया।

# पीएम श्री स्कूल की दो बालिकाओं का राज्य स्तरीय क्रिकेट टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा





महासमुंद जिले में आयोजित संभाग स्तरीय अंडर-17 बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता में पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की दो छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय टीम में स्थान बनाया है। डिंपल टंडन कक्षा 10वीं और जयश्री जोशी कक्षा 9वीं के चयन से खरोरा क्षेत्र में हर्ष की लहर है। यह प्रतियोगिता स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एसजीएफआई के तत्वावधान में आयोजित की गई थी।

स्कूल की बालिका टीम ने उत्कृष्ट बल्लेबाजी, फील्डिंग और बॉलिंग के दम पर सबका ध्यान आकर्षित किया। चयन की खबर मिलते ही स्कूल परिसर में खुशी का माहौल छा गया। प्राचार्य रजनी मिंज, वरिष्ठ व्याख्याता पुरुषोत्तम देवांगन, एसएमसी अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं व शिक्षकों ने दोनों खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।एसएमसी अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि दोनों बालिकाएं स्कूल की गौरव हैं और उनका चयन हमारे संस्थान की खेल उत्कृष्टता का प्रमाण है। उपाध्यक्ष सुमित सेन ने कहा कि खरोरा की बेटियां खेल के मैदान में भी परचम लहरा रही हैं, यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। प्राचार्य रजनी मिंज ने बताया कि पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यालय शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। व्यायाम शिक्षक योगेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि स्कूल में नियमित अभ्यास और समर्पण से हर साल राज्य व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हो रहे हैं।

## पंचायतों को नहीं मिल रही 15वें वित्त आयोग की राशि



**मुंडा**। पंचायत चुनाव 8 महीने बीतने के बाद भी जिले के किसी भी ग्राम पंचायत को 15वें वित्त आयोग की राशि का आवंटन हुआ है। इसके अभाव में पंचायतों में विकास कार्य ठप है। ग्रामीणों को पेयजल, स्वच्छता, सड़क, नाली जैसे मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनपद पंचायत बलौदाबाजार सरपंच संघ अध्यक्ष मोहन बंजारे ने बताया कि दीपावली पर्व बीत गए। पंचायत चुनाव हुए 8 महीने हो गए है किंतु पंचायतों को अब तक 15वें वित्त आयोग की राशि का आवंटन नहीं हुआ है। अधिकारियों से केवल आश्वासन ही मिल रहा है। सरपंचों को ग्रामीणों के बीच नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। मोहन बंजारे ने बताया कि पिछले जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल में कई पंचायत का कोष खाली कर दिया गया और अब नई निर्वाचित पंचायत आर्थिक संकट से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत ही ग्रामीण विकास की पहली सीढ़ी है अगर उन्हें ही वित्तीय रूप से कमजोर कर दिया जाए तो गांव का विकास रुक जाता है।

# सेमरियाघाट पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए 17 करोड़ मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा की सक्रियता आखिरकार रंग लाई और लंबे समय से की जा रही शिवनाथ नदी के सेमरियाघाट पर सेमरिया अमलीडीह मार्ग के मध्य उच्च स्तरीय पुल निर्माण एवं पहुंच मार्ग की मांग अब पूरी होने जा रही है।

शिवरतन शर्मा के प्रयासों से 17 करोड़ 77 लाख 65 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति लोक निर्माण विभाग द्वारा प्राप्त हुई है। शीघ्र ही सारी औपचारिकताओं का पूर्णतः पालन सुनिश्चित कर निविदा आमंत्रित कर कार्य प्रारम्भ किये जाने हेतु प्रशासन ने आदेश जारी किया हैं।

शिवरतन शर्मा ने बताया कि भाटापारा क्षेत्र के विकास हेतु उनके द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है। क्षेत्र की सड़कों एवं पुल पुलिया विहीन गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने विशेष पहल की जा रही है। मेरा प्रयास है कि भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा का लाभ मिले, जिसमें हम लगभग पूर्णतः की ओर हैं। आज विधानसभा में हर ओर सड़कों का जाल बिछाया जा चुका हैं, जिससे आवागम में सुविधाएं मिल रही हैं।

शिवरतन शर्मा ने कहा पुल निर्माण से लोगों को कई लाभ होंगे। पुलों से आवागमन आसान होगा। इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, लोक निर्माण मंत्री अरुण साव एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल के प्रति शिवरतन शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# नवधा रामायण में शामिल हुए जिपं अध्यक्ष संजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर



समीप ग्राम बम्हनपुरी में आयोजित नवधा रामायण में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय ने भाग लिया तथा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी का पूजन अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

उन्होंने भगवान राम का गुणगान करते हुए कहा कि श्रीरामजी का चरित्र हमें मर्यादित जीवन जीने की प्रेरणा देता है, रामजी की लीला हमें सिखाती हैं कि जीवन में कितने भी कष्ट हो हमें विचलित नहीं होना चाहिए। बम्हनपुरी नवधा रामायण के इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय, क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य शिवकुमारी अनिल साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता किशन शुक्ला, दुर्गेश केशरवानी, सारंगढ़ मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश बानी, दीपक अग्रवाल, मुद्रिका राय, निलेश दुबे, दिनेश चंद्रा, बरत साहू, अक्षत स्वर्णकार, बम्हनपुरी सरपंच तालसिंग रत्नाकर, चोरभट्ठी सरपंच अंजना बालकुमार जांगड़े, पूर्व सरपंच धनेश्वरी साहू, भुवनेश्वर यादव एवं सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सोनाखान में कांग्रेस का वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी



जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक के नेतृत्व में सोनाखान ब्लॉक के बूथ सेक्टर, मंडल कमेटी के पदाधिकारियों के विशेष सहयोग से वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के लक्ष्य को पूर्ण करने के सफलता प्राप्त किए हैं ।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने अपने समस्त मंडल अध्यक्षों के साथ, बूथ सेक्टर, मंडल कमेटी के सदस्यों को धन्यवाद देकर विधायक का भी आभार व्यक्त किया है, क्योंकि विधायक के दिशा निर्देश में इस अभियान में जल्द ही सफलता मिली है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रत्येक ब्लॉक को लगभग पांच हजार आम व्यक्तियों की हस्ताक्षर का टारगेट मिला था, जिसे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने तीन किस्तों में जमा कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया, प्रथम किस्त में 1960 हस्ताक्षर युक्त फार्म जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे के पास जमा, दूसरी किस्त प्रदेश कांग्रेस कमेटी में 2210 हस्ताक्षर युक्त फार्म जमा एवं तृतीय किस्त 1470 हस्ताक्षर युक्त फार्म, ब्लॉक अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष की संयुक्त उपस्थिति में जमा की गई।

इस प्रकार बलौदाबाजार जिला के बिलाईगढ़ विधानसभा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के कार्यकर्ता, आमजन, माता बहन के द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हाथ को मजबूत करने में योगदान किया है।

# धान खरीदी के लिए गिरदावरी के सत्यापन की तिथि बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



समर्थन मूल्य धान खरीदी पर किसानों के लिए बहुत बड़ी राहत भरी खबर है। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के सभी जिलों के लिए डिजिटल क्रॉप्ट सर्वे और गिरदावरी के मोबाइल पी वी एप के माध्यम से सत्यापन की समय सीमा को एक माह के लिए बढ़ा दिया है। यह प्रक्रिया 31 अक्टूबर के स्थान पर 30 नवंबर तक जारी रहेगी। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के रायपुर ग्रामीण मीडिया प्रभारी रमेश शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ की जाने का निर्णय लिया गया है, किंतु किसानों के धान खरीदी के लिए किए जाने वाले डिजिटल क्रॉफ्ट सर्वे और गिरदावरी सत्यापन की तारीख 31 अक्टूबर तक की थी जिससे बहुत से किसानों को परेशानी हो रही थी, क्योंकि कई किसान के राजस्व आंकड़े अपडेट नहीं होने के कारण रकबा शून्य दिखाई दे रहा था, इस कारण किसानों को धान बेचने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ सकता था, जिसे संज्ञान में लेते हुए शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान आकर्षित कराया गया, इस पर संज्ञान लेते हुए किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने डिजिटल क्रॉफ्ट सर्वे गिरदावरी के मोबाइल पी वी एप सत्यापन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है।

# घरों के सामने बनाया गया चौरा पंच व ग्रामीणों ने तोड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

भाटापारा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत टोनाटार के वार्ड क्रमांक 11 में घर के सामने लोगों के द्वारा चौरा बनाकर अवैध रूप से कब्जा किया गया था। घर के सामने चौरा बनाकर अवैध रूप कब्जा किए जाने के चलते वार्ड के लोगों के साथ साथ आने जाने वालों ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। किसी के घर में तबीयत खराब होने पर चार पहिया वाहन या 108 एंबुलेंस नहीं पहुंच पाता था। ऐसे परेशानियों को देखते हुए वार्ड 11 के पंच प्रतिनिधि रूपनारायण रजक के द्वारा पहल करते हुए 3 नवंबर को मोहल्ले के लोगों के साथ साथ ग्राम पंचायत के सरपंच विष्णु कोसले, उपसरपंच कुलेश्वर, पिंकू वर्मा एवं पंचों को बुलाकर घर के सामने अवैध रूप से चौराहा बनाकर किए गए कब्जा को हटाने मुहल्ले में ही बैठक बुलाई गई। बैठक में मोहल्ले के लोगों के द्वारा सरपंच एवं पंचों की उपस्थिति में जेसीबी मशीन से चौरा को तोड़वाने के लिए सभी राजी हो गए। चौरा को तोड़ने के लिए जेसीबी मशीन नहीं मिला तो घर के सामने चौरा बनाकर कब्जा किए लोगों के द्वारा चौरा को तोड़ने कोई आगे नहीं आए तो वार्ड पंच प्रतिनिधि रूपनारायण रजक द्वारा खुद गैती और घन लाकर चौरा को तोड़ा गया। वहीं दूसरे दिन 4 नवंबर को वार्ड पंच कौशिल्या रजक के साथ मोहल्ले की सरस्वती रजक, प्रमिला ध्रुव, जमुना ध्रुव, ललिता जायसवाल, उर्मिला जायसवाल, कौशिल्या ध्रुव, नीता ध्रुव, ननकी यादव, नोमिका जायसवाल, शिवानी रजक, रुपेश रजक, रामकुमार जायसवाल, मुकेश ध्रुव, चिंतामणि जायसवाल, गोवर्धन रजक, राजा जायसवाल, सहित महिलाओं और पुरुषों ने पंच प्रतिनिधि का साथ देते हुए बचे हुए चौरा को तोड़ा गया। चौरा टूटने से अब चार पहिया वाहन आसानी से आ जा सकता है और अब किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
10 दिसंबर 2025, 07 जनवरी, 11 फरवरी, 18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
By Train-रिजर्वेशन कोच
26 दिसंबर 2025 11 दिन की यात्रा
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)